सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

संदेश

विदेश मंत्रालय और विदेश स्थित भारतीय मिशनों एवं केन्द्रों द्वारा विश्व हिन्दी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई। इन कार्यक्रमों में भाग ले रहे सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं।

अपनी सांस्कृतिक विविधता व विभिन्न भाषाओं की विरासत पर हर भारतवंशी को गर्व है। हमारी संस्कृति, संस्कार, ज्ञान और परंपरा को देश-दुनिया में पहुंचाने में हिन्दी की भूमिका अहम् है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की पहचान और भारतवंशियों को एकता के सूत्र में पिरोने में हिन्दी भाषा का योगदान उल्लेखनीय है।

यह देखना सुखद है कि अपनी सरलता, सहजता व साहित्यिक विरासत के साथ-साथ हिन्दी आज सूचना प्रौद्योगिकी और तकनीक की भाषा के रूप में भी युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रही है। भारत की प्रगति के साथ ही हमारी पहचान और परंपराओं में दुनिया की रुचि बढ़ रही है। विदेशों में भी हिन्दी भाषा सीखने वाले लोगों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है।

पिछले वर्ष हुए विश्व हिन्दी सम्मेलन में जिस उत्साह के साथ हिन्दी प्रेमियों ने इस मधुर भाषा की प्रगति के लिए कार्य करने का संकल्प दिखाया वह एक उज्ज्वल भविष्य का मार्ग दिखाता है। हमारी समृद्ध विरासत पर गर्व के भाव को और सशक्त करने व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों में एकता व एकजुटता को बढ़ाने में हिन्दी की अहम् भूमिका होगी।

मुझे विश्वास है कि यह विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर होने वाले कार्यक्रम सभी भारतवंशियों को, विशेषकर युवाओं को हिन्दी से जुड़ने और इसे अपने विभिन्न कार्यों में अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे।

विश्व हिन्दी दिवस पर मैं इसे समृद्ध और सशक्त बनाने में सतत् योगदान दे रहे लोगों का, विशेषकर विदेश मंत्रालय, भारतीय मिशनों और केन्द्रों के सभी साथियों का अभिनंदन करता हूं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली

पौष 15, शक संवत् 1945

05 जनवरी, 2024